## स्कूल प्रिंसिपल बना ड्रग्स तस्कर, अंतरराज्यीय गिरोह बेनकाब

- थार और फोर्ड ईको स्पोर्ट से करता था एमडी की तस्करी
- दो युवतियों सहित चार आरोपी गिरफ्तार
- पार्टियों व इवेंट्स में युवतियों से करवाता था एमडी सप्लाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नशे के खिलाफ चल रही मुहिम में कनाड़िया पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एमडी ड्रग्स की अंतरराज्यीय तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है. लग्जरी गाड़ियों, क्लब पार्टियों और इवेंट्स के नाम पर ड्रग्स सप्लाई करने वाले इस गिरोह का नेटवर्क भोपाल-इंदौर से लेकर गोवा सहित अन्य राज्यों तक फैला हुआ है. पुलिस ने गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 16 ग्राम एमडी ड्रग्स, दो लग्जरी वाहन और लाखों का मशरूका जब्त किया है.**

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन 2 अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि भोपाल में रहने वाला अबान शकील, जो एक स्कूल में प्रिंसिपल रह चुका है, थार कार के जरिए एमडी ड्रग्स की तस्करी कर रहा था. 12 जनवरी 2026 को कनाड़िया पुलिस ने उसे एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा था. पूछताछ में उसने इंदौर के तस्कर वैभव उर्फ अरुण उर्फ बाबा शर्मा के बारे में अहम जानकारी दी. इसके बाद कनाड़िया











पुलिस ने डीपीएस स्कूल बायपास के पास संदिग्ध बिना नंबर की ईको स्पोर्ट कार को घेराबंदी कर वैभव उर्फ बाबा को पकड़ा. उसके पास से एमडी ड्रग्स मिली, वहीं, कार में बैठी दो युवतियों की तलाशी लेने पर उनके कपड़ों से भी ड्रग्स बरामद हुई. गिरफ्तार युवतियों ने पूछताछ में कबूल किया कि वे क्लब, बार और हाई-प्रोफाइल पार्टियों में युवाओं को महंगे दामों पर एमडी ड्रग्स सप्लाई करती थीं.

### रईसजादों तक पहुंच बनाने युवतियों का इस्तेमाल करता था गिरोह

प्रारंभिक जांच में गिरोह के तार गोवा सहित अन्य राज्यों के पब, बार और क्लबों से जुड़े पाए गए हैं. पुलिस का मानना है कि चेकिंग से बचने और रईसजादों तक आसानी से पहुंच बनाने के लिए गिरोह युवतियों का इस्तेमाल करता था. आरोपियों से ड्रग्स के सोर्स और शहर के बार क्लब संचालकों की भूमिका को लेकर गहन पूछताछ जारी है. इस कार्रवाई में 15.95 ग्राम एमडी ड्रग्स, महेंद्रा थार और फोर्ड ईको स्पोर्ट कार जब्त की गई है. जब्त सामग्री की कीमत करीब 32 लाख रुपये बताई जा रही है. सभी आरोपियों के खिलाफ थाना कनाड़िया में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पुलिस रिमांड लिया जा रहा है.

### स्कूल और समाज में साफ-सुथरी छवि की आड़ में झोंक रहा था धूल

स्कूल और समाज में उसकी साफ-सुथरी छवि पुलिस की नजरों से बचने का सबसे बड़ा हथियार बनी रही. 12 जनवरी 2026 को जब कनाड़िया पुलिस ने उसे एमडी ड्रग्स के साथ पकड़ा, तब यह परत दर परत खुलासा हुआ कि एक शिक्षक कैसे अपराध की दुनिया में फिसल गया. पूछताछ में अबान ने माना कि पैसों की चाह और लग्जरी लाइफस्टाइल बनाए रखने की लालसा ने उसे इस रास्ते पर धकेला. यहीं से इंदौर के वैभव उर्फ बाबा शर्मा और उसके गिरोह का नाम भी सामने आया.

### महंगी गाड़ियां, ब्रांडेड कपड़े और हाईफाई लाइफ स्टाइल...

सफेद शर्ट, टाई, अनुशासन की बातें और बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के सपने दिखाने वाला शख्स बाहर से एक जिम्मेदार स्कूल प्रिंसिपल, लेकिन अंदर ही अंदर नशे की दुनिया का बड़ा खिलाड़ी. अबान शकील की कहानी कुछ ऐसी ही है, जिसने शिक्षा के पेशे की आड़ में एमडी ड्रग्स की तस्करी का रास्ता चुन लिया. अबान शकील शहर के एक निजी स्कूल में प्रिंसिपल रह चुका है. स्कूल में उसकी पहचान पढ़े-लिखे, सलीकेदार और हाई-प्रोफाइल लाइफ स्टाइल पसंद करने वाले व्यक्ति की थी. महंगी गाड़ियां, ब्रांडेड कपड़े और आलीशान रहन-सहन उसकी पहचान बन चुके थे. लोग यह सब उसकी सैलरी और अन्य वैध आय से जुड़ा मानते थे, लेकिन हकीकत कुछ और ही निकली. वह धीरे-धीरे नशे के कारोबार में उतर गया. पहले संपर्क बने, फिर छोटी मात्रा में एमडी ड्रग्स की सप्लाई शुरू हुई और बाद में यह काम बड़े स्तर पर तस्करी तक पहुंच गया. वह महेंद्र थार जैसी लग्जरी गाड़ी से ड्रग्स की ढुलाई करता था, ताकि किसी को शक न हो.

## बीआर गोयल इफ्रास्ट्रक्चर के दफ्तर में आईटी का छापा

- सड़क निर्माण कंपनी के ठिकानों पर इनकम टैक्स की कार्रवाई जारी
- सुबह से शाम तक चली इनकम टैक्स की कार्रवाई, दस्तावेज खंगाल रही टीमें



**इंदौर.** सपना संगीता क्षेत्र में शुक्रवार को आयकर विभाग ने सड़क निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की प्रमुख कंपनी बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की. सुबह शुरू हुई यह कार्रवाई पूरे दिन चली, जिसमें आयकर विभाग की टीमें कंपनी से जुड़े विभिन्न परिसरों में दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच में जुटी रहीं.

सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग की टीम सबसे पहले कंपनी के सपना संगीता रोड स्थित कार्यालय पहुंची, जहां अधिकारियों ने वित्तीय दस्तावेज, बही खाते, बिलिंग रिकॉर्ड और बैंक लेन देन से जुड़े कागजात खंगाले. इसके साथ ही कंप्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल फोन में मौजूद डिजिटल डेटा की भी जांच की गई. कार्रवाई के दौरान अधिकारी किसी को भी परिसर से बाहर जाने की अनुमति नहीं दे रहे थे. सूत्रों ने बताया कि यह कार्रवाई आय व्यय से जुड़े असंतुलन, बड़े लेन देन और टैक्स से संबंधित संभावित अनियमितताओं को लेकर की गई है. आयकर विभाग को पूर्व में मिले इनपुट के आधार पर सर्वे की यह कार्रवाई की गई, हालांकि विभागीय स्तर पर इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है. बीआर गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड इंदौर की जानी मानी निर्माण कंपनी है, जो सड़क, पुल और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर काम कर चुकी है. कंपनी से जुड़े दस्तावेजों का मिलान आयकर रिटर्न और खर्चों के विवरण से किया जा रहा है. शाम तक कार्रवाई जारी रही, लेकिन किसी तरह की जब्ती या टैक्स चोरी के आंकड़ों को लेकर विभाग की ओर से स्थिति स्पष्ट नहीं की गई. सूत्रों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई या निष्कर्ष सामने आएंगे.

## भेरूघाट पर कंटेनर कार पर चढ़ा, बाल बाल बचा परिवार

**इंदौर. मानपुर थाना क्षेत्र के भेरू घाट पर शुक्रवार सुबह एक बार फिर खतरनाक हादसा होते होते टल गया. घाट से नीचे उतरते समय एक तेज रफ्तार कंटेनर आगे चल रही कार से टकराकर उसके ऊपर जा चढ़ा. हादसा गंभीर था, लेकिन राहत की बात यह रही कि कार में सवार पूरा परिवार सुरक्षित बाहर निकाला.**

मानपुर थाना प्रभारी लोकेंद्र हीहोर ने बताया कि घाट की ढलान पर कई चालक वाहन को न्यूट्रल में डालकर उतारते हैं, जिससे वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं और हादसे हो रहे हैं. शुक्रवार सुबह हुए हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है और परिवार पूरी तरह सुरक्षित है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और यातायात सामान्य कराया.





## एक नजर में


### श्री एकेडमी में अंडर 20 कुश्ती का चयन ट्रॉयल संपन्न





**महू.** श्री एकेडमी कोदरिया में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के महू ब्लॉक के खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत अंडर 20 कुश्ती का आयोजन किया गया. इस आयोजन में महू विकासखंड के बालक एवं बालिका पहलवानों ने फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन कुश्ती शैली में प्रतिभागिता की. आयोजन में राष्ट्रीय पहलवान मन्नू चौहान, मिश्रीलाल पहलवान, सज्जन सिंह ठाकुर, राजकुमार कैथवास, हिमेश जरिया एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे. विभिन्न वजन वर्गों की कुश्तियों के सुबह 10.30 बजे वजन किए गए. आयोजन 12 बजे तक आयोजित हुआ. यह आयोजन विकासखंड खेल अधिकारी लीना श्रीवास के निर्देशन में आयोजित हुआ. श्री एकेडमी के डायरेक्टर डॉ. राजेश कुमार पाटीदार ने कुश्ती प्रतियोगिता का संयोजन किया. विजेता पहलवान शनिवार को इंदौर नेहरू स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे. कुश्तियों में निर्णायक की भूमिका राम यादव पहलवान तथा विजय वर्मा पहलवान ने निभाई. विजेता पहलवानों को अंतरराष्ट्रीय पहलवान मानसिंह यादव, कुश्ती सम्राट डॉ. सतीश मांडिया, पप्पू पाटीदार पहलवान, राष्ट्रीय पहलवान विजय पाटीदार ने बधाई दी.

### समाजसेवी सलीम शेख और उनकी प्रदेश टीम को सामूहिक सम्मान



**महू.** सामाजिक एवं जनहितैषी कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष हाजी सलीम शेख एवं उनकी सम्पूर्ण प्रदेश टीम को भारतीय मानवाधिकार परिषद के तत्वावधान में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर ग्लोबल पीस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया. मुंबई स्थित जीसीसी क्लब में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिषद के संरक्षक आचार्य देवेंद्र ब्रह्मचारी रहे. इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी शेख, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह वालिया एवं नेशनल वर्किंग कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यप्रकाश त्रिवेदी द्वारा सम्मान प्रदान किया गया. प्रदेश अध्यक्ष हाजी सलीम शेख के साथ जिन सदस्यों एवं पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया, उनमें रितेश चंदाचोरिया, रितु छाबड़ा, गीता बिल्लोरिया, सीमा ओझा, मंजू शर्मा, सुनीता पाठक, अलीशा खान, सरदार मोहन सिंह, जगमोहन सोन, ब्रजेश पारोचे, डॉ. विजय बिजोले, डॉ. यूनुस खान, डॉ. निशांत एस. मेहता, तौसिफ शेख सहित संगठन के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल थे.

### खेल शिविर : ब्लॉक स्तर पर 18 खिलाड़ियों का चयन



**महू.** खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग, इंदौर द्वारा निर्देशित एडहॉक जिला फुटबॉल संघ, सदस्यों द्वारा महू ब्लॉक स्तर पर खिलाड़ियों का चयन शिविर शुक्रवार को हाई स्कूल स्टेडियम ग्राउंड महू में संपन्न हुआ. इस एक दिवसीय चयन शिविर में 40 खिलाड़ियों ने सहभागिता दी, जिसमें 18 खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया एवं संभागीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया. शिविर में उद्निषद स्कूल के डायरेक्टर अंकित गोयल, अंश तिवारी, एडहॉक डीएफए इंदौर के चेयरमैन जगदीशचंद खोड़े, कन्वीनर अशोक पिल्ले एवं सदस्य सुरेश डामोर द्वारा प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं. चयन समिति में प्रवीण कांबले, नीरज शर्मा, नितिन संकत, इनामुलहक, शुभम् दीवार, रमीज राजा एवं खेल विभाग से कोच लवलेश सिलावट को चयनकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया था.

## दिनदहाड़े महिला से सोने की चेन झपटी, बाइक सवार फरार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े महिला से सोने की चेन झपटने की वारदात सामने आई है. बाइक पर आए अज्ञात बदमाश ने पलक झपकते ही महिला के गले से सोने की चेन छीनी और मौके से फरार हो गया. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

सुदामा नगरके ड़ी सेक्टर में रहने वाली 53 वर्षीय फरियादी अंजली बोराडे ने पुलिस को बताया कि कल दोपहर करीब 3.20 से 3.30 बजे के बीच वह सेक्टर-सी, वैशाली नगर क्षेत्र में थी, तभी एक अज्ञात बदमाश मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा और अचानक उसके गले में पहनी सोने की चेन झपटकर फरार हो गया. घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने बदमाश को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह तेज रफ्तार में भाग निकला. सूचना पर अन्नपूर्णा पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की. थाना प्रभारी अजय नायर का कहना है कि जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा.

## ससुराल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, मौत

**इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र में देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई. दादरा मुंडला ( देवगुराड़िया ) निवासी युवक बाइक से अपने ससुराल इंदौर आ रहा था, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी. उसे गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.**

थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि घटना गुरुवार रात करीब 9.30 बजे ग्राम बुराड़ाखेड़ी के पास हुई. हादसे में 40 वर्षीय मनीष गोयल पिता मनोज गोयल निवासी दादरा मुंडला, ग्राम देवगुराड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया. मनीष बाइक से इंदौर से अपने ससुराल ग्राम केमाना की ओर जा रहा था, तभी किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी. हादसे के बाद मनीष सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा रहा. कुछ देर बाद वहां से गुजर रहे लोगों ने उसे देखा और उसके मोबाइल फोन से परिजनों को सूचना दी.





### हादसे के कुछ समय पहले ही पत्नी से हुई थी बात

मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से मनीष को एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां देर रात करीब एक बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. परिजनों ने पुलिस को बताया कि मनीष की पत्नी पहले से ही मायके में रह रही थी और हादसे से कुछ समय पहले दोनों के बीच बातचीत भी हुई थी. मनीष पेशे से लोडिंग वाहन चालक था. उसके परिवार में पत्नी, एक बेटा, माता-पिता और भाई हैं. मामले में कनाड़िया पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन का सुराग मिल सके.

## चेकिंग से बचने नशेड़ी ड्राइवर ने जवान को मारी टक्कर

- बैरिकेड तोड़े, अंधेरे का फायदा उठाकर कार सहित फरार

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में रात के वक्त तेज रफ्तार और लापरवाही का खतरनाक नजारा सामने आया, जब पुलिस चेकिंग से बचने की कोशिश में एक इनोवा चालक ने न सिर्फ सड़क पर लगाए गए बैरिकेड्स तोड़ डाले, बल्कि ड्यूटी पर तैनात एक पुलिस जवान को टक्कर मारकर घायल कर दिया. घटना के बाद चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन लेकर फरार हो गया, लेकिन मौके पर गिरी इनोवा की नंबर प्लेट से पुलिस आरोपी तक पहुंचने की कोशिश में जुटी.





थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि घटना रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है. डीआरपी लाइन का पुलिस बल सत्य साईं चौराहे पर चेकिंग पॉइंट लगाकर वाहनों की जांच कर रहा था. इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही इनोवा नम्बर एमपी 09 बीई 0227 को पुलिस ने रुकने का इशारा किया. चालक ने रुकने के बजाय गाड़ी की रफ्तार और बढ़ा दी और सामने लगे सुरक्षा बैरिकेड्स को तोड़ते हुए आगे निकलने की कोशिश की.

इस दौरान चेकिंग में तैनात सिपाही रवि चंद्रवंशी ने वाहन को रोकने का प्रयास किया, तभी इनोवा ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर से जवान सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया. इसी दौरान कार की नंबर प्लेट टूटकर मौके पर ही गिर गई. घटना के बाद साथी पुलिसकर्मियों ने तुरंत घायल जवान को बॉम्बे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है. मामले में लसूड़िया पुलिस ने घटनास्थल से मिली नंबर प्लेट के आधार पर वाहन मालिक की पहचान कर ली है और फरार चालक की तलाश की जा रही है.

## अवैध हथियारों के साथ तीन युवक धराए

**इंदौर.** शहर में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कनाड़िया और राऊ पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को धारदार हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है. तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं.

प्रधान आरक्षक पुनीत चौबे ने बताया कि पुलिस ने टीपीएस 4 रोड बायपास क्षेत्र में घेराबंदी कर 24 वर्षीय आकाश वर्मा को पकड़ा. आरोपी किशनगंज, महू का रहने वाला है. तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक तेज धारदार चाकू बरामद हुआ. इस मामले में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है. इसी तरह उप निरीक्षक प्रवीण जाधव ने बताया कि राऊ थाना क्षेत्र में देर रात दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने हथियारबंद युवकों को दबोचा. जैन फार्म हाउस कॉलोनी, मनमंदिर मैरिज गार्डन के पीछे आम रोड, सिलिकॉन सिटी क्षेत्र में 19 वर्षीय कालूराम भील को लोहे के तेज धारदार चाकू के साथ पकड़ाया. आरोपी ग्राम मसिदपुरा, थाना धामनोद, जिला धार का रहने वाला है. इसी क्षेत्र में कुछ ही देर बाद पुलिस ने 19 वर्षीय मोहन भील को भी लोहे के धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया. आरोपी ग्राम काली बावड़ी, थाना धरमपुरी, जिला धार का रहने वाला है. तीनों ही मामले में पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्रकण दर्ज कर पूछताछ शुरु की.

**एक नजर में** — शहर के कई क्षेत्रों में सड़क निर्माण में देरी और जर्जर सड़कों से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा

## कृष्णबाग में 20 साल पूर्व बनी सड़क, डामर, गिट्टी हो गए गायब

**इंदौर.** शहर के कई क्षेत्रों में सडक् निर्माण कार्यों में देरी और जर्जर सडक्ें एक प्रमुख मुद्दा बनी हुई हैं, जिससे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. नगर निगम तथा इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) द्वारा नए प्रोजेक्ट्स की घोषणाओं के बावजूद, कुछ क्षेत्रों में स्थिति जस की तस है. इस समस्या पर स्थानीय निवासियों ने अपनी चिंता व्यक्त की है और

शहर में ऐसे कई इलाके हैं, जहां पिछले कई वर्षों से सडक्ों का निर्माण नहीं हुआ है. जहां निर्माण कार्य हुआ भी है, वे सडक्ें अक्सर खराब रखरखाव और बारिश के कारण गड्ढों में तब्दील हो गई हैं. कुछ क्षेत्रों में सडक् निर्माण में देरी का मुख्य कारण अतिक्रमण भी बताया गया है, जिससे कार्य शुरू करने में रुकावटें आ रही हैं. खराब सडक्ों के कारण निवासियों को जलभराव, कीचड़, वाहनों के खराब होने, एम्बुलेंस और स्कूल बसों के पहुंचने में दिक्कतें और दुर्घटनाओं के बढ़ते जोखिम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है.




ऐसी ही समस्या से जूझ रहे हैं वार्ड क्र. 30 के रहवासी. यह क्षेत्र एमआर-9 मार्ग से लगा हुआ है. इस वार्ड में अधिकतर मजदूर और निम्न वर्ग परिवार निवास करते हैं. वार्ड के कृष्णबाग कॉलोनी में सडक् निर्माण को लेकर जब नव भारत ने क्षेत्र का जायजा लिया तो पता चला कि पिछले कई वर्षों से क्षेत्र में सडक् निर्माण का कार्य ही नहीं हुआ है, जो सडक् पूर्व में बनाई गई थी, उसे 20 वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं और वर्तमान स्थिति में सडक् पूरी तरह से जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी है. सडक् से डामर, गिट्टी गायब हो गए हैं. इस कच्ची सडक् पर खुली नालियों का गंदा पानी भी बहता रहता है, जिससे गंदगी तो होती ही है, साथ ही कई तरह की बीमारियां क्षेत्र में फैल रही हैं. यहां की वर्तमान स्थिति को देखकर यह अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि बरसात के मौसम में यहां के लोगों को कितनी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता होगा.

### यह बोले रहवासी...



जो कीचड़ देख रहे हो, उसके नीचे सडक् है, लेकिन वह गायब हो चुकी है. पानी भरते समय बहुत ज्यादा कीचड़ हो जाता है, जिसकी गंदगी से लोग परेशान हो चुके हैं.

**- शकुंतला सोलंकी**



बारह महीने सडक् कीचड़ से भरी रहती है, इससे कीड़े, मकोड़े, मच्छर होते हैं, जिसकी वजह से क्षेत्र में बीमारियां फैलती हैं. हर घर में कोई ना कोई बच्चा बीमार रहता है.

**- शकुरान बी**



हमारे क्षेत्र में पक्की सडक् का निर्माण हो जाए तो इस गंदगी से छुटकारा मिल जाए, सडक् पर पानी और कीचड़ की वजह से कोई सफाईकर्मी भी नहीं आता और कचरा गाड़ी भी कम ही आती है.

**- ममता सोलंकी**